लार्क साफ्टवेयर – हिन्दी सारांक्ष

प्रतिदिन, हमारे आस पास अनेक प्रकार के पक्षी अपनी मधुर वाणी में गीत गाते रहते हैं । अगर हम ध्यान से सुनें, तो कई भिन्न पक्षियों की ध्वनियां सुनाई पड़ेंगी जो उनके हमारे समीप रहने का हमें आभास दिलाती है। इनमें से जहां कई पक्षी बहुत दूर देशों व प्रांत से उड़कर अलग–अलग मौसमों में हमारे शहर में आते है वहीं पर कई पक्षी साल भर हमारे शहरों एवं जंगलों में वास करते हैं। पर्यावरण संतुलन में इन पक्षियों का बहुत महत्व है। ये परागण, बीजों के विस्तार, कीटों की रोकथाम आदि कई सेवाएं मुफ्त में प्रदान करते है। इनका बने रहना और उन्मुक्त रूप से चहचहाना हमारे लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। परन्तु विगत कुछ वर्षों से रासायनिक प्रदूषण, वातावरण विस्थापन, शहरीकरण एवं शिकार जैसी समस्याओं के कारण कई पक्षियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। पर्यावरण प्रहरियों के रूप में हम सब को प्रकृति के इस अनमोल उपहार की सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्प लेना चाहिए । आखिर यह धरती जितनी आपकी और हमारी है, उतनी ही पशु–पक्षियों की भी है।

लार्क साफ्टवेयर इस दिशा में हमारी एक छोटी सी पहल है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से हम स्कूल कॉलेज के छात्रों तक मध्य भारत के 35 सामान्य पक्षियों के चित्र एवं गीत पहुचांना चाहते है। अगर आप ध्यान दे तो ये पक्षी आपको कहीं न कहीं जरूर दिखेंगे। लार्क चित्रों एवं ध्वनी के माध्यम से इन्हें पहचानने में आपकी मदद करेगा।

लार्क को इस वेबसाइट से अपने कम्प्यूटर पर उतार लें । सेटअप फाईल पर क्लिक कर इसे इंस्टाल कर लें । बस लार्क आपको पक्षियों की दुनिया में ले जाने के लिए तैयार है। हर पक्षी का चित्र करीब 15 से 20 सेकंड तक उसकी ध्वनि के साथ आपके समक्ष आयेगा । नीचे उस पक्षी का साधारण नाम (अग्रेजी में) एवं वैज्ञानिक नाम भी दिखाया जायेगा। 15 से 20 सेकंड के पश्चात अपने आप अगला चित्र आपके समक्ष प्रस्तुत हो जाएगा। यह क्रम स्वचालित रूप से चलता रहेगा और जब यह चित्र समाप्त हो जायेंगे तो फिर एक नये कम से इन चित्रों को लार्क दिखाता रहेगा। किसी भी समय आप Esc बटन दबाकर लार्क को समाप्त कर सकते है। अगर आप एक चित्र से दूसरे चित्र पर पूर्व निश्चित अवधि से पहले जाना चाहते हैं, तो स्पेस बार दबाकर जा सकते है।

कुछ ही दिनों में आप ऑख बंद कर केवल आवाज सुनकर इन पक्षियों को पहचान लेंगे। कभी राह चलते किसी पक्षी को देखा, तो लार्क की छवियों के माध्यम से उस पक्षी को पहचान सकते हैं। आपको पक्षियों एवं प्रकृति के समीप लाना ही लार्क का उद्देश्य है।

लार्क को श्री विजय कावले (www.indiabirds.com) श्री प्रताप सिंह (भारतीय वन प्रबंध संस्थान) एवं डा0 चिन्मय सिंह राठौर (भारतीय वन प्रबंध संस्थान) ने मिलकर तैयार किया है। यह साफ्टवेयर निशुल्क इस वेबसाइट पर उपलब्ध है और आप इस साफ्टवेयर को निसंकोच किसी के साथ बांट सकते है। इस साफ्टवेयर से किसी भी प्रकार के व्यापारिक लाभ या धन अर्जन की अनुमति नहीं है। यह पूर्णतः निशुल्क है और रहेगा।